# सुनकर करुण पुकार ये सो नहीं सकता भजन लिरिक्स

सुनकर करुण पुकार,
ये सो नहीं सकता,
भगत बुलाए ये ना आए,
हो नहीं सकता,
सुनकर करुण पूकार।bd।

---

भगत तो जान है इसकी,
भगत में प्राण अटके है,
भगत को याद कर करके,
इसके दिन रात कटते है,
और कही पर भी इसका,
दिल नहीं लगता,
भगत बुलाए ये ना आए,
हो नहीं सकता,
सुनकर करुण पूकार।bd।

---

ये दुनिया रखता कदमो में,
भगत को दिल में रखता है,
हुकूमत करता दुनिया में,
भगत से प्यार करता है,
दुनिया मरती है इसपे,
ये भगत पे है मरता,
भगत बुलाए ये ना आए,
हो नहीं सकता,
सुनकर करुण पूकार।bd।

---

रहता दिन रात चिंता में,
भगत कही रूठ ना जाए,
भगत का मेरे ऊपर से,
भरोसा टूट ना जाए,
'बनवारी' कोशिश यही,
दिन रात ये करता,
भगत बुलाए ये ना आए,
हो नहीं सकता,
सुनकर करुण पूकार।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

सुनकर करुण पुकार,
ये सो नहीं सकता,
भगत बुलाए ये ना आए,
हो नहीं सकता,
सुनकर करुण पूकार।bd।

**Singer – Sonu Singla**

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com